भारत सरकार
कार्यालय आयकर आयुक्त
फैजाबाद

फा.सं 58–59 / 130 / आ.आ. / फैजा. / तक. / 2007–2008 दिनांक – 28.11.2007

संस्था का नाम – पीपुल्स एक्शन फार रूरल एडवान्समेन्ट एण्ड सस्टेनेविलीटी, ग्राम जयप्रमा, पो0 पिरखौली, फैजाबाद ।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA(1)(b)(i) के अन्तर्गत आदेश

पीपुल्स एक्शन फार रूरल एडवान्समेन्ट एण्ड सस्टेनेविलीटी, ग्राम जयप्रमा, पो0 पिरखौली, फैजाबाद ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु आवेदन फार्म न. 10A में दिनांक 31.05.2007 को दाखिल किया ।

आवेदन पत्र प्राप्त होने के पश्चात एक पत्र के माध्यम से संस्था को, संस्था द्वारा किये गये कार्यों, संस्था को प्राप्त आय तथा संस्था द्वारा किये गये खर्चों के संबंध में साक्ष्य सहित विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया। पत्र के अनुपालन में तथा सुनवाई के लिये तिथियों 11.07.2007 एवं 07.11.2007 नियत की गयी थी, संस्था की ओर से न तो कोई उपस्थित हुआ न ही कोई लिखित जवाब ही आया । इस संबंध में **आयकर उपायुक्त, फैजाबाद** ने अपनी आख्या दिनांक 31.10.2007 को प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने संस्था को पंजीयन हेतु संस्तुति की है । पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज भी संस्था द्वारा किये कार्यों की यथार्थता की पुष्टि करते हैं अतः संस्था का आयकर अधिनियम की धारा 12AA(1)(b)(i) के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु आवेदन स्वीकृत किया जाता है।

चूंकि संस्था द्वारा पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत नही किया गया है एवं विलम्ब से आवेदन दाखिल करने के लिए पर्याप्त कारण भी नहीं बताया गया है अतएव संस्था को दिनांक 01.04.2007 से पंजीकरण दिया जाता है ।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA के अन्तर्गत प्रस्तुत आवेदन के लिए इस कार्यालय में प्रयुक्त रजिस्टर के क्रम 130 / 2007–2008 पर आवेदन की प्रविष्टि कर ली गयी है।

यह पत्र किसी भी दशा में आय से छूट का प्रमाण नहीं है । आय की छूट के संबंध में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 एवं 12 के प्रावधानों के तहत ही मिलेगा ।

(राकेश मिश्र)
आयकर आयुक्त
फैजाबाद
दिनांक – 28.11.2007

फा.सं 58–59 / 130 / आ.आ. / फैजा. / तक. / 2007–2008 / 2056.
प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. पीपुल्स एक्शन फार रूरल एडवान्समेन्ट एण्ड सस्टेनेविलीटी, ग्राम जयप्रमा, पो0 पिरखौली, फैजाबाद ।
2. आयकर अपर आयुक्त, फैजाबाद परिक्षेत्र फैजाबाद ।
3. आयकर उपायुक्त, फैजाबाद ।

M. Prasad Shukla
(एम0 पी0 शुक्ला)
आयकर अधिकारी (मु.) तक.
कृते आयकर आयुक्त, फैजाबाद